Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सतर्कता अधिष्ठान, उत्तराखंड एवं ए.सी.बी. राजस्थान में नवनियुक्त अधिकारियों के दो दिवसीय कोर्स का आयोजन**
- **अधिकारियों को ए.सी.बी. कार्यप्रणाली का दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण**

जयपुर, *13 मई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय पर स्थित कांफ्रेस हॉल में सतर्कता अधिष्ठान, उत्तराखंड के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं ए.सी.बी. राजस्थान में हाल ही नियुक्त अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान की कार्यप्रणाली से परिचय करवाने हेतु दिनांक 12–5–2022 से 13–5–2022 तक दो दिवसीय कोर्स का आयोजन किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि सतर्कता अधिष्ठान, उत्तराखंड के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं ए.सी.बी. राजस्थान में हाल ही नियुक्त अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान की कार्यप्रणाली (ट्रैप केसेज, आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के विषयक जाँच) से परिचय करवाने हेतु दिनांक 12–5–2022 से 13–5–2022 तक दो दिवसीय कोर्स का आयोजन किया गया। एसीबी, **उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री विष्णुकान्त** इस कोर्स के संयोजक रहे।

कोर्स की समाप्ति पर **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी** एवं **अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन.** ने अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते कहा कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध हमें एकजुट होकर **मिशन–मोड** में कार्य करना है तथा भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की **जीरो–टॉलरेंस की नीति** के अनुसरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। श्री सोनी ने कोर्स के प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं स्मृति–चिह्न प्रदान किये तथा उन्हें शुभकामनाऐं दी।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।